## खबर संक्षेप

### 18 लाख रूपए की धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक फाइनेंस कंपनी के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपितों ने लग्जरी कार फाइनेंस कराने के बाद उसकी किस्तों का भुगतान नहीं किया और कंपनी को करीब 18.40 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुँचाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर रोड बरगवां स्थित 'एस.के. फाइनेंस लिमिटेड' कंपनी के प्रबंधक भगवत प्यासी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक आरोपी प्रभांशु तिवारी निवासी बडखेरा, बहोरीबंद और ओम प्रकाश शुक्ला निवासी पिपरिया, ढीमरखेड़ा ने कंपनी से एक इनोवा कार फाइनेंस कराई थी। शुरुआती कागजी कार्रवाई के बाद आरोपियों ने नियमानुसार किस्तों का भुगतान करना बंद कर दिया। लंबे समय तक राशि जमा न होने और बार-बार संपर्क करने के बावजूद जब आरोपियों ने भुगतान नहीं किया, तब कंपनी ने कानूनी रास्ता अपनाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह का सुनाया प्रसंग

**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचमुखी दरबार में नवरात्र के अवसर में मां श्री कालिका पुराण चल रहा है जिसमें कथा व्यास ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा को विस्तार से सुनाया। माता पार्वती के कई वर्षो भगवान की तपस्या किया। यजमान के रूप श्रीमति मनोरमा राय, गणेश राय, जमुना राय लक्ष्मी राय ने पूजन अर्चन किया। इस दौरान गांव के वरिष्ठ जन महिलाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही है।

### जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**कटनी।** जनगणना कार्य के जिला स्तर पर सुचारू एवं सुगम संचालन के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी की अध्यक्षता में ₹जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक₹ सोमवार 23 मार्च को 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक के साथ ही आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### आदतन अपराधी के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने सिनगौड़ी निवासी उमाशंकर बर्मन पिता केशव प्रसाद बर्मन 40 वर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। उमाशंकर बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2010 से अब तक कुल 9 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर मारपीट करना, गुंडागर्दी करना, जुआ खेलना, सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा उमाशंकर के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई हैं, फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्येवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी उमाशंकर बर्मन को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नाव एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## रपटा नाला में किये गये अतिक्रमण का मामला, अपील की गई खारिज

# प्रशासन की सख्ती : अतिक्रमण हटाने टीम का किया गया गठन, कल चलेगा बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में शासकीय भूमि और प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। ग्राम खिरहनी स्थित रपटा नाले पर किए गए अवैध बाउंड्रीवॉल निर्माण मामले में कलेक्टर न्यायालय ने अपील खारिज कर निर्माण को हटाने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा पारित आदेश के बाद अब 24 मार्च को मौके पर कार्रवाई तय की गई है।



### अवैध निर्माण हटेगा

प्रकरण में प्रवीण कुमार बजाज द्वारा दायर अपील को आधारहीन मानते हुए कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बिना वैध अनुमति के प्राकृतिक नाले की भूमि पर किया गया निर्माण अवैधानिक है और इसे तत्काल हटाया जाना चाहिए।

### नाले के अस्तित्व से छेड़छाड़

जांच में सामने आया कि रपटा नाले के पास स्थित प्राकृतिक बरसाती नाले की भूमि पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया गया, जिससे नाले के स्वरूप में बदलाव हुआ। पटवारी प्रतिवेदन में भी यह स्पष्ट किया गया कि निर्माण नाले के भीतर तक किया गया है, जिससे जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

### प्रतिबंध के बाद भी किया निर्माण

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की रिपोर्ट में पाया गया कि नाले, नदी की सीमा से 50 मीटर के दायरे में निर्माण प्रतिबंधित था, फिर भी निर्माण किया गया। अनुमोदित मार्ग को बाउंड्रीवॉल से बाधित किया गया, जो नियमों का उल्लंघन है। संबंधित खसरा भूमि पर किसी प्रकार की वैध विकास अनुमति जारी नहीं की गई थी।

### पुराने रिकार्ड में दर्ज है नाला

वर्ष 1907-08 के मिसल अभिलेख में खसरा नंबर 442 को "शासकीय पानी मद" और "नाला" के रूप में दर्ज पाया गया है। इसके बावजूद वर्तमान में यह भूमि निजी स्वामित्व में दर्ज कैसे हो गई, इसका कोई वैध अभिलेख उपलब्ध नहीं है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रमोद कुमार चतुर्वेदी (एसडीएम कटनी) को 15 दिन के भीतर विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### कार्रवाई के लिए दल गठित

कलेक्टर न्यायालय के आदेश के पालन में एसडीएम श्री चतुर्वेदी ने एक संयुक्त दल का गठन किया है, जो 24 मार्च को स्थल पर पहुंचकर अवैध निर्माण हटाएगा। दल में अजीत तिवारी (तहसीलदार), संदीप सिंह, साक्षी शुक्ला (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट), अवंतिका तिवारी, बृजबिहारी दुबे (राजस्व निरीक्षक), विभा गर्ग सहित राजस्व अमला और पटवारी शामिल हैं।

### रिकार्ड की भी हो रही जांच

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माण हटाने के साथ-साथ भूमि रिकॉर्ड में गड़बड़ी की जांच भी इस मामले को और गंभीर बना रही है।



# जल संरक्षण एवं संवर्धन का दिलाया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बडखेरा भरदा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति, कौड़ियां द्वारा 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के इस अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसमें तालाब, नदी, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों का गहरीकरण एवं साफ-सफाई, साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से वर्षा जल को संरक्षित कर धरातल के जल स्तर को बढ़ाया जा सकेगा, जो भविष्य में जल संकट को कम करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

इस दौरान सरपंच रितु विकास पाण्डेय, सेक्टर प्रभारी भूपेंद्र दाहिया, सुरेंद्र चक्रवर्ती, परामर्शदाता रामसिंह पटेल, विनोद सिंह, आशीष तिवारी, सरजू श्रीवास, जया यादव, पंकज चौबे, अखिलेश यादव, रोहित यादव, सुभाष वर्मन, ओमप्रकाश गर्ग, मुकेश जायसवाल, बल्लू चक्रवर्ती, बालमुकुंद कुशवाहा, दीपक नामदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

*स्लीमनाबाद से पिपरिया परौहा मार्ग की हालत हो गई बेहद बदहाल*

# सड़क में गड्ढों की भरमार से आवागमन हो गया दुश्वार, हादसों का शिकार हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद में बारिश काल के समय बारिश से सड़कों के परखच्चे उड़ गये थे, ऐसे मार्गो का अब तक निर्माण एर्जेसियो के द्वारा दुरुस्तीकरण नहीं कराया गया जिससे मार्गो पर आवागमन करना दुशवार हो गया है।

बारिश मे सड़कों की हुई बदहाल स्थिति निर्माण एजेंसी के द्वारा कराये गये गुणवत्ताहीन कार्यों की पोल खोलकर रख दी है। स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत स्लीमनाबाद से ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा तक बना मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। मार्ग मैं जगह-जगह बड़े आकार के गड्ढे हो गए है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है। राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है लेकिन निर्माण एजेंसी के द्वारा सड़क मार्ग का दुरुस्तीकरण नही कराया जा रहा है।





ग्रामीणजनो का कहना है कि उक्त 10 किलोमीटर मार्ग का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत हुआ था। वर्तमान मे उक्त मार्ग पर जगह-जगह बड़े बड़े आकार के गड्ढे हो गए है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो रहा है। वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है। मार्ग के पेंचवर्क को लेकर कई बार पत्राचार किया जा चुका है लेकिन निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है। इस संबंध मे विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि उक्त मार्ग का पेंचवर्क हो जिससे आवागमन मे सहूलियत हो इसके लिए पीएमजीएसवाई जीएम को अवगत कराया जायेगा।

## बकाया करों की वसूली के लिए अवकाश के दिन भी शिविर



निगम प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे दिनों को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुविधा तथा निगम के बकाया करों की वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय अवकाश के दिनों में भी विशेष शिविरों सहित निगम एवं जोन कार्यालयों के कैश काउंटर खुले रखकर बकाया करों को जमा करने की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों ने इसका लाभ उठाया।राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि रविवार को भी सुभाष चौक तथा माई नदी के पास विशेष शिविर का आयोजन कर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान अधिकारियों द्वारा शिविर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही गठित दल द्वारा भी बकायेदारों से डोर टू डोर संपर्क कर बकाया करों को समय से जमा कर भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने की जानकारी दी गई। कर वसूली अभियान के तहत आज 23 मार्च को शहर के दो प्रमुख स्थलों सुभाष चौक एवं खेर माई मंदिर के पास विशेष कर वसूली शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# जिले के 1 लाख 4284 हितग्राहियों के खातों में 6 करोड़ से अधिक की राशि हुई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत फरवरी माह में जिले के 1 लाख 4 हजार 284 हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 25 लाख 62 हजार रूपये की राशि अतंरित की गई।

फरवरी माह के लिये इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना के तहत 3 हजार 125 हितग्राहियों को 18 लाख 75 हजार रूपये की राशि की पेंशन सहायता राशि का वितरण किया गया। इसी तरह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 46 हजार 668 हितग्राहियों को 2 करोड़ 80 लाख 800 रूपये प्रदान किये गए हैं। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत जिले के 19 हजार 788 हितग्राहियों को 1 करोड़ 18 लाख 72 हजार 800 रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया है। कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 1 हजार 352 हितग्राहियों को 8 लाख 11 हजार 200 रूपये की राशि का वितरण किया गया है। जबकि दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन स्कीम के तहत 2 हजार 176 हितग्राहियों को 13 लाख 5 हजार 600 रूपये, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के तहत 56 हितग्राहियों को 33 हजार 600 रूपये, मुख्यममंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के 19 हजार 68 हितग्राहियों को 1 करोड़ 14 लाख 40 हजार 800 रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया।

मंदबुद्धि एवं बहुविकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए सहायता योजना के तहत जिले के 1 हजार 153 हितग्राहियों को 6 लाख 91 हजार 800 रुपये, वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों की पेंशन योजना के तहत 5 हितग्राहियों को 3 हजार रुपये, सामाजिक सुरक्षा निःशक्त पेंशन योजना के तहत 8 हजार 880 हितग्राहियों को 53 लाख 20 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के तहत 364 हितग्राहियों को 2 लाख 18 हजार 400 रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा वृद्धाश्रम पेंशन योजना के तहत 1 हजार 649 हितग्राहियों को 9 लाख 89 हजार 400 रुपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया।

*चैत्र नवरात्र पर चंडी माता मंदिर में चल रहा देवी भागवत नवाहयज्ञ*

# भक्तो के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान, धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था चैत्र नवरात्र पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित चंडी मंदिर मे चल रहे देवी भागवत नवाहयज्ञ में कथा के चतुर्थ दिवस रविवार का।

इस मौके पर कथा व्यास पंडित दिलीप त्रिपाठी की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा।बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के



खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,नरेंद्र दुबे, गोपाल गुप्ता,बृजेश दुबे, आदित्य दुबे, गणेश त्रिपाठी, कार्तिक त्रिपाठी,नितिन अग्रहरि, राकेश साहू,संजय यादव आदि मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र पर्व पर शक्ति की भक्ति में लीन नजर आ रहे भक्त

# कंकाली धाम निगहरा में नेत्ररूप में विराजीं मां के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

चैत्र नवरात्रि पर्व पर शक्ति की भक्ति में श्रद्धालु लीन नजर आ रहे हैं। मंदिरों में मां जगदंबे की पूजा अर्चना एवं जलार्पण के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का आना जाना बना हुआ है।मंदिरों एवं दिवालों में जवारे बोये गये हैं। यहां रोजाना भगतों का गायन हो रहा है। जिले के निगहरा गाँव में स्थित माँ कंकाली धाम निगहरा में भी इन दिनों भव्य उत्सव जैसा माहौल है। पहाड़ी पर आँख के रूप में विराजमान माँ कंकाली के मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

निगहरा ग्राम के ही सुशील दुबे लल्ला महराज ने बताया कि नवरात्रि के दौरान यहां स्थापित किए जाने वाले जवारा कलशों की संख्या हर साल पांच से सात बढ़ जाती है, जबकि गांव में परिवारों की संख्या स्थिर रहती है। यह अनूठी परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। भक्तों का मानना है कि देवी मां की कृपा से परिवारों में सुख और समृद्धि आती है, जिसका प्रतीक कलशों की निरंतर बढ़ती संख्या है।हर साल यहां 500 से 700 कलश लगाए जाते हैं और नवरात्रि के दौरान विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं।82 साल पुराना शक्तिधाम, मंदिर की भव्यता भी बढ़ती जा रही है।



मां की दिव्यता को ख्याति प्रदेश में भी देदीप्यमान हो रही है।इतिहास के बारे में सुशील दुबे लल्ला महराज ,अनिल तिवारी और पंडा भक्ति राठौर ने बताया कि लगभग 85 साल पहले यहां एक छोटा सा मंदिर था। समय के साथ, ग्रामीणों ने पहाड़ पर सीढ़ियां बनाकर मंदिर का निर्माण किया। आज नवरात्रि के दौरान यहां विशेष पूजा, कलश स्थापना और सामुदायिक अनुष्ठान किए जाते हैं।गांवों से लोग पैदल चलकर जल चढ़ाने आते हैं। भक्तों का मानना है कि मां कंकाली से सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थनाएं हमेशा पूरी होती हैं। इस आस्था के कारण हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

### मंदिर में 200 सीढ़ियां

200 सीढ़ियाँ चढ़ने के बादब्रह्म मुहूर्त में स्थित पहाड़ी मंदिर के लिए श्रद्धालु अपनी यात्रा शुरू करते हैं। लगभग 200 सीढ़ियाँ चढ़ने के बाद वे अंततः कंकाली के दर्शन कर पाते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि कुएँ से प्रकट होने के बाद से ही उनकी पूजा आँख के रूप में की जाती रही है। कटनी से 20 किलोमीटर दूरबरही रोड पर एक किलोमीटर दूर स्थित यह मंदिर आस्था, चमत्कारों और परंपरा का अद्भुत संगम माना जाता है।

### ऐसी है मान्यता

ग्रामीण समाजसेवी पंडित विकास दुबे ने बताया कि कई साल पहले एक ग्रामीण कुएँ से पानी भर रहा था, तभी उसकी बाल्टी में आँख के आकार का एक चमकता हुआ पत्थर प्रकट हुआ। रात में जब उसे घड़े में रखा गया, तो गड़गड़ाहट की आवाजें सुनाई देने लगीं। अगले दिन, गाँव के पुजारी को देवी का स्वप्न आया और उन्होंने देवी को पर्वत पर एक मंदिर स्थापित करने का आदेश दिया। इसके बाद, ग्रामीणों ने रीति-रिवाजों के अनुसार मंदिर की स्थापना की। इस वर्ष यहां रामकथा का आयोजन भी किया गया है जिसमे भारी संख्या में श्रोता मां के दर्शन करने व कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।।

# सरकारी विद्यालय से चोरों ने पांच गैस सिलेण्डर किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भजिया स्थित एक सरकारी स्कूल में अज्ञात चोरों ने रसोईघर का ताला तोड़कर वहां रखे गैस सिलेंडरों पर हाथ साफ कर दिया, जिससे अब बच्चों के मध्याह्न भोजन के संचालन में परेशानी खड़ी हो गई है।



जानकारी के अनुसार एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला भजिया में यह चोरी की घटना 14 मार्च की शाम 05:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 10:00 बजे के दरमियान हुई। जब सोमवार सुबह स्कूल खुला, तब रसोईघर का ताला टूटा देख प्रबंधन के होश उड़ गए। अंदर जांच करने पर पता चला कि खाना पकाने के लिए रखे गए 05 नग भारत गैस सिलेंडर गायब थे।

स्कूल के शिक्षक पंकज कुमार राय 38 वर्ष ने इस मामले की लिखित शिकायत बड़वारा थाने में दर्ज कराई है। चोरी गए सिलेंडरों की कुल अनुमानित कीमत 13,000 रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए।

बड़वारा पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरो की पतासाजी का प्रयास कर रही है।

खबर संक्षेप

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज लगेंगे शिविर

**कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को दिलाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में ₹संकल्प से समाधान अभियान₹ का तृतीय चरण शुरू हो चुका है। इस चरण के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहें हैं। जिसमें क्लस्टर या जोन लेवल पर अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों या नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। जिन विकासखण्ड मुख्यालयों में नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार नगर परिषद बरही और विकासखंड कटनी में सोमवार 23 मार्च को शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार 24 मार्च को विकासखंड बड़वारा, कटनी (एम कार्पोरेशन) और रीठी में शिविर आयोजित किये जायेंगे। वहीं गुरूवार 26 मार्च को विकासखंड बहोरीबंद में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जिला अधिकारियों और एसडीएम को संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित होने वाले विकासखंड स्तरीय शिविरों में शामिल होने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इन शिविरों में विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी बुलाने हेतु निर्देशित किया है।

## योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश

**कटनी।** संभागायुक्त जबलपुर धनंजय सिंह के निर्देशानुसार संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, जबलपुर उषा सिंह सोलंकी ने कटनी प्रवास के दौरान आसरा बाल गृह का निरीक्षण किया तथा विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक ने जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय के साथ बाल गृह का जायजा लिया। इस दौरान बाल गृह में 35 बच्चे दर्ज पाए गए। उन्होंने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने और उनके बेहतर पुनर्वास के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही प्री-एडॉप्शन से वापस आए बालक शिवा के पुनर्वास के लिए पुनः प्रयास तेज करने के लिए भी कहा।इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई, उनमें शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बैठक में जमीनी स्तर पर योजनाओं के संचालन में आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई और उनके व्यावहारिक समाधान सुझाए गए। संयुक्त संचालक ने सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य कर योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर देने के निर्देश दिए।

गौरवशाली इतिहास को संजोय पुष्पावती नगरी बिलहरी का चंडी माता मंदिर

# गर्म तेल में कूदते थे राजा कर्ण, माता चंडिका भेंट करती थी सवा मन सोना

### शारदेय नवरात्र में पूजा अर्चना करने उमड़ रही भीड़, मंदिर से जुड़ी हैं कई किवदंतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आदिशक्ति जगत जननी की आराधना का पावन पर्व चैत्र नवरात्र चल रहा है। माँ आदिशक्ती की आराधना में श्रद्धालु डूबे नजर आ रहे है। श्रद्धालु अलग अलग ढंग से माता के प्रति अपनी आस्था प्रगट कर रहे है।

जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर एक ऐसा मंदिर जो कई किवदंतियो को लेकर जाना जाता है साथ ही अपने रहस्य को संजोय हुए है। पुष्पावती नगरी नाम से प्रख्यात बिलहरी जो कभी राजा कर्ण की राजधानी हुआ करती थी। यहाँ पर विराजी है माँ चंडी जो प्रतिदिन राजा कर्ण को सवा मन सोना दिया करती थी जिसे राजा उसे जरूरतमंदों को दान कर देते थे।

यूं तो इस मंदिर में मां चंडी के दर्शन करने साल भर भक्तों का आना जाना बना रहता है लेकिन चैत्र एवं शारदेय नवरात्र पर यहां भीड़ ज्यादा रहती है। चंडी माता मंदिर के साथ ही



यहां के हरेक पत्थर पर नक्काशी व कलाकृतियां खुद व खुद अपने समग्र की सुंदरता का इतिहास उजागर कर रही है। इन्ही सब कलाकृतियों के बीच स्थित है माँ चण्डी का भव्य मंदिर।

### अमृत से राजा को करती थी जिंदा

मंदिर के पंडा रोहित प्रसाद माली ने बताया कि यहां राजा कर्ण राज्य करते थे और प्रतिदिन प्रजा को सोना दान करते थे। राजा कर्ण सूर्योदय से पूर्व स्नान करके चंडी देवी मंदिर जाते थे। इसके बाद विशाल कड़ाह में तेल उबलता था जिसमे राजा कर्ण कूद जाते थे। इसके बाद देवी उनपर अमृत छिड़कर जीवित करती थी और ढाई मन सोना प्रदान करती थी। देवी से प्राप्त सोना राजा रोज सुबह सवा मन सोना गरीबों को दान मैं दिया करते थे।

### ऐसे खुला सोने का रहस्य

राज कर्ण रोज गरीबो को सवा मन सोना दान करते थे लेकिन इतना सोना उनके पास आता कहा से है था इस रहस्य को जानने की हिमाकत किसी ने नही की फिर इस रहस्य का खुलासा राजा विक्रमादित्य ने किया था। वे एक बालक की खोज में बिलहरी आये हुए थे। विक्रमादित्य के राज्य में कोई बुढ़िया माई रहती थी जो रोज चक्की पीसते समय कभी रोती थी तो कभी हंसती थी।

वेश बदलकर प्रजा का सुख दुख जानने जब रोज की तरह रात में विक्रमादित्य वहां से गुजरे तो माई से हँसने व रोने का कारण पूछा जिस पर बुढ़िया माई ने बताया कि उसका जवान बेटा 20 वर्षो से खोया हुआ है जिसके बाद में वो रो पड़ती है ओर कभी आएगा इसी आस में हंस पड़ती है। राजा विक्रमादित्य ने फिर उस युवक की खोज में जुट गए। खोज के दौरान ही राजा विक्रमादित्य एक दिन तेल उबलता कड़ाह में कूद गए जहां से उन्हें मातारानी ने सवा मन सोना दिया जिसके बाद सोना मिलने का रहस्य खुला।

## बारिश के पूर्व तैयारियां रखें दुरूस्त ताकि न हो परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी वर्षा ऋतु में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने एक आदेश जारी करते हुए निगम के लोक निर्माण शाखा और स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों का एक विशेष दल गठित किया है।

जारी आदेशानुसार यह दल आगामी वर्षा काल में पूर्व वर्षों की जलभराव की पुनरावृत्ति ना हो सके इस बात को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, नागरिकों इत्यादि के साथ बैठक करते हुए पूर्व अनुभव , जानकारी लेकर तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव ,सुझाव प्रस्तुत करेगा।

### संयुक्त रूप से करें कार्य

जारी आदेश के अनुसार गठित दल में प्रभारी अधिकारियों के रूप में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा एवं असित खरे प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्रीय उपयंत्रियों पवन श्रीवास्तव, शजे.पी. सिंह बघेल, संजय मिश्रा को भी दल में सम्मिलित कर संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

गठित दल द्वारा शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रमुख कार्यों में पुल-पुलिया, नाला-नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना, नालों की नियमित सफाई, कचरा निष्पादन व्यवस्था को व्यवस्थित करना तथा विभिन्न स्थानों पर चिन्हांकन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना शामिल है। साथ ही विगत वर्षों में उत्पन्न समस्याओं का परीक्षण कर उनके स्थायी समाधान हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। वाहनों, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का आकलन भी किया जाएगा, ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा सकें।

### 25 तक प्रस्ताव करें प्रस्तुत

गठित दल आपसी समन्वय के साथ बैठक एवं स्थल निरीक्षण कर 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करें, जिससे वर्षा ऋतु के पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाया जा सके।

महाविद्यालय बरही में विश्व जल दिवस पर हुआ आयोजन

## छात्रों को शपथ दिलाकर जल संरक्षण के लिए किया गया जागरूक एवं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विश्व जल दिवस के जल संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिये जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि विश्व जल दिवस प्रति वर्ष 22 मार्च को पूरी दुनिया में जल के महत्व को समझाने एवं लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने जल को जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुये



कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है जिसके लिये सभी को मिल जुलकर कार्य करना होगा। तथा सभी से अपने आसपास जागरूकता फैलाने एवं लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया।साथ ही बताया कि ब्रह्माण्ड में पृथ्वी पर अपवाद के रुप में जीवन पाया जाता है क्योंकि केवल पृथ्वी पर ही जल पाया जाता है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है। साथ ही जोर देकर कहां कि जल एक अनमोल प्राकृतिक संसाधन है, जिसकी हमें पीने, खाना पकाने और साफ-सफाई के लिए आवश्यकता पड़ती है। चूंकि जल सीमित है, इसलिए इसे बर्बाद न करना ही महत्वपूर्ण है। जल संरक्षण का अर्थ है कि जल का आवश्यकता के अनुसार ही उपयोग किया जाय एवं रिसाव होने पर तुरंत ठीक करना चाहिए। एवं सभी को आवश्यकता न होने पर नल एवं अन्य उपकरण बंद करना और नहाने के लिए बाल्टी का उपयोग करना सिखाना चाहिए। जिससे भविष्य में आने वाली पीढ़ियों की मदद हो सके एवं पृथ्वी की रक्षा की जा सके।

सौरभ तिवारी ने जल को सभी जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक बताया, क्योंकि पृथ्वी पर पीने योग्य पानी का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही उपलब्ध है। उन्होंने दांत साफ करते समय नल बंद करने और शावर के बजाय बाल्टियों का उपयोग करके पानी बचाने के व्यावहारिक सुझाव दिये एवं लोगों से पानी के सही उपयोग के प्रति जागरूक रहने की अपील की। स्टॉफ के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को जल बचाने का संकल्प एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## ग्राम पंचायत बड़ारी में किया गया वृहद पौधारोपण



अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष्य में अदाणी फाउंडेशन के तत्वावधान में अदाणी सीमेंट बिजनेस कैमोर एवं अमेहटा सीमेंट वर्क्स के अधिकारीगण, वन परिक्षेत्र विजयराघवगढ़ के डिप्टी रेंजर व स्टाफ, एसीसी व डीएवी स्कूल के छात्र छात्राओं एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत बडा़री में नवनिर्मित अदाणी वन में बृहद वृक्षारोपण किया। स्कूली छात्र छात्राओं को अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने वृक्षारोपण के महत्व, जैवविविधता, मियाबाकी पद्धति, आग से जंगल को बचाने जैंसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में समझाया, बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ वृक्षारोपण किया। इसके उपरांत पूर्व में तैयार अदाणी वन का भ्रमण भी बच्चों ने किया जहां उन्हें पौधों के विकास, देखभाल और विभिन्न प्रजातियों के पौधों का अवलोकन कराया गया। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत बडा़री में लगभग 1 एकड़ भूमि पर मियावाकी पद्धति से आज लगभग 3500 पौधे लगाये जा रहे हैं, इसके पूर्व 2 अलग साइट्स पर लगभग 2 एकड़ भूमि पर दो सघन वृक्षारोपण अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए गये थे। मियाबाकी पद्धति से विलुप्त हो रही पौधों की प्रजाति एवं औषधीय पौधे इन वनों में लगाये जा रहे हैं। ग्राम बडा़री में तीसरा अदाणी वन लगाने पर लगभग कुल 18000 पौधे लग जायेंगे, विलुप्त हो रही पौधों की प्रजाति को लगाने पर जैव विविधता से आसपास के क्षेत्र में भी इनका विस्तार होगा।

## विद्यार्थियों को जंगल का कराया गया भ्रमण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा विकासखंड के करौंदी ग्राम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त कक्षा सह क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को जंगल में ले जाकर प्राकृतिक वातावरण के बीच विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।

डिप्टी रेंजर रामकुशल मिश्रा एवं वनरक्षक राजकुमार सोनी ने विद्यार्थियों को ग्राम वन समिति एवं वन सुरक्षा समिति की भूमिका, वनों को आग से बचाने के उपाय, कोरोना काल में वनों की उपयोगिता, ग्रीन हाउस प्रभाव, ओजोन परत संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण तथा पशु एवं जनहानि से



जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की टीम ने जंगल में विकसित नर्सरी का भी भ्रमण कराया, जहां विद्यार्थियों को विभिन्न औषधीय पौधों की उपयोगिता और उनके महत्व के बारे में बताया गया।इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत मडेरा जलाशय में आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने अभियान के विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर दिनेश दहायत, अंकित झारिया, सत्येन्द्र सिंह, सुमित सिंह,मुकेश सिंह और अभिषेक मिश्रा के अलावा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

फुटपाथ पर सामग्री फैलाने वालों पर भी हो रही कार्यवाही

## यातायात में अवरोध उत्पन्न करने वालों पर की गई कार्यवाही, जुर्माना भी वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के प्रमुख मार्गों को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन और नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा संयुक्त अभियान अब असर दिखने लगा है। लगातार कार्रवाई के चलते शहर की सड़कों पर यातायात सुगम हुआ है और आमजन को राहत मिल रही है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में टीम द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाने के साथ ही व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अभियान के तहत मिशन चौक से मुख्य स्टेशन मार्ग होते हुए



दिलबहार चौक तक के क्षेत्र में विशेष फोकस किया गया है। यहां बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए टीम द्वारा सड़क किनारे अनधिकृत रूप से बैठे फुटकर सब्जी विक्रेताओं तथा दुकानों के बाहर सीमा से अधिक सामान रखने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। सामग्री जब्त करने के साथ ही स्पॉट फाइन भी लगाया जा रहा है।

संयुक्त टीम द्वारा नो पार्किंग जोन में खड़े दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को हटाकर उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थल तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित कर यातायात बाधा को दूर किया जा रहा है।

शहर के अन्य प्रमुख मार्गों—मिशन चौक से बस स्टैंड, गर्ग चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार एवं आजाद चौक जुलूस मार्ग, माधव नगर—पर भी मुनादी के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की अपील की जा रही है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई भी जारी है।

निगम के अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह के अनुसार, विगत एक सप्ताह में 92 लोगों पर कुल 26 हजार 400 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही सभी को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई है।

फुटकर सब्जी एवं फल विक्रेताओं के लिए जिला चिकित्सालय के सामने स्थित हॉकर्स जोन में साफ-सफाई, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है, ताकि उन्हें व्यवस्थित स्थान पर व्यवसाय करने की सुविधा मिल सके। अतिक्रमण अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ बिना अनुमति निर्माण, अनधिकृत निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्रवाई लगातार जारी है।

बड़वारा एवं ढीमरखेड़ा क्षेत्र में प्रदर्शन कर आदेश को वापस लेने की गई मांग

## टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने मुख्यमन्त्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में टेट संघर्ष समिति के बड़वारा ब्लाक अध्यक्ष शत्रुघ्न पाण्डे के नेतृत्व में शिक्षकों ने मध्य प्रदेश शासन के मुखिया मुख्यमंत्री के नाम बड़वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया एवम आदेश को निरस्त करने एवं शिक्षकों के सेवा अधिकारों के संरक्षण की मांग की।

शिक्षकों ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा सशर्त टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें परीक्षा परिणाम के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति जैसी कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। साथ ही जुलाई-अगस्त माह में परीक्षा आयोजित किए जाने का





प्रस्ताव भी है, जिससे शिक्षकों में चिंता का माहौल बना हुआ है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 1998 से 2010 के बीच नियुक्त सभी शिक्षक उस समय की निर्धारित नियमावली, सेवा शर्तों एवं चयन प्रक्रिया के अनुरूप नियुक्त हुए थे। निर्धारित योग्यताओं के आधार पर चयनित इन शिक्षकों ने विगत 20-25 वर्षों से निरंतर सेवाएं दी हैं। ऐसे में बाद में लागू की गई पात्रता परीक्षा को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्याय, तर्क एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताया गया है।शिक्षकों ने कहा कि "शिक्षा का अधिकार अधिनियम" वर्ष 2010 में लागू हुआ, जिसके बाद टीईटी जैसी पात्रता परीक्षा की व्यवस्था प्रारंभ हुई। ऐसे में इस अधिनियम के बाद निर्धारित शर्तों को पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना पूर्णतः अव्यावहारिक एवं अन्यायपूर्ण है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सेवा के दो दशकों से अधिक समय बाद शिक्षकों को पुनः परीक्षा के दायरे में लाकर सेवा समाप्ति अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्ति का भय उत्पन्न करना लाखों परिवारों को असुरक्षा एवं मानसिक तनाव की स्थिति में डाल रहा है। प्रदेश के लगभग डेढ़ से दो लाख शिक्षक एवं उनके परिवार इस निर्णय से प्रभावित होंगे।

इस दौरान टेट संघर्ष राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के विकास खंड प्रभारी इलयास खान,अजय सिंह,, शत्रुघ्न पांडे, प्रकाश सोनी, राकेश सिंह बघेल, बीरेंद्र गौतम, गुड्डा रैदास विजेंद्र बसक, मिथिलेश पुरी, राजेश चौधरी, हरिचरण सिंह रघुवंशी गोस्वामी सुरेंद्र दुबे भारत राय, बहादुर वेन, यशोदा कोरी, प्रतिभा तिवारी, शैल तिवारी,वंदना सिंह, अनीता तिवारी, रेणुका सिंह, मंजू पटेल, एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### शिक्षकों ने निकाली रैली

इसी तरह ढीमरखेड़ा क्षेत्र में शिक्षकों ने रैली निकाल कर,नारे बाजी करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार ढीमरखेड़ा को ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन किया। ज्ञापन के पूर्व बीईओ कार्यालय के सामने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक जे पी हल्दकार ने कहा कि वर्ष 1998 से अभी तक शिक्षकों की जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं,वो सभी नियुक्तियों मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानकों के तहत हुई हैं,साथ ही जब जब शैक्षणिक पाठ्यक्रमों मै बदलाव हुए तब तक शासन द्वारा अपने संस्थानों एवं संचार माध्यमों से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। किंतु संचालक लोकशिक्षण द्वारा टीईटी का विवादित आदेश निकाल कर शिक्षकों को बेवजह मानसिक तनाव दिया गया।

कार्यक्रम के संयोजक दिलीप बाजपेई,राजीव शुक्ला,पीताम्बर शुक्ला, पंकज प्यासी,सूर्यकांत त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार से परीक्षा संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त कर सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षक हित में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की। इस दौरान तहसील ढीमर खेड़ा के सैकड़ों शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## डाइट कटनी की टीम द्वारा किया गया स्कूलों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डाइट कटनी के दल द्वारा प्राथमिक शाला मझगवां, माध्यमिक शाला परसवारा और माध्यमिक शाला सिमरिया सानी का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मझगवां में कक्षा 2 के बच्चे हिंदी पढ़ रहे हैं, जोड़ कर रहे हैं किंतु अंग्रेजी में सुधार की आवश्यकता है। साथ ही व्यवस्थित पुस्तकालय की आवश्यकता पाई गई। जिस पर संबंधित शाला प्रभारी को सोमवार को डाइट बुलाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं मंगलवार से आवश्यक अकादमिक सुधार कार्य प्रारंभ करने और विद्यार्थियों की अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच नियमित रूप से करने केनिर्देश दिए गए।

इसी प्रकार परसवारा में कक्षा 6 एवं 7 की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की गई एवं छात्र छात्राओं से पुनः प्रश्न हल करवाकर देखे गए! जिन प्रश्नों को अधिकांश छात्रों ने हल नहीं किया है, उन्हें दोबारा अभ्यास कराने के निर्देश शिक्षकों को दिए गए। सिमरिया सानी में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों से संयुक्त रूप से संवाद किया गया एवं नए शिक्षा सत्र की तैयारी, सोचने की गति बढ़ाने हेतु विषयवार गतिविधियों पर चर्चा तथा अंग्रेजी भाषा में संवाद करने हेतु तकनीकी के उपयोग पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा निर्मित खिलौनों एवं विज्ञान के मॉडल का अवलोकन भी किया गया।

सिमरिया शाला प्रभारी इंद्रभान निगम द्वारा प्रतिदिन एक शिक्षक को शाला प्रमुख का दायित्व देने वाले नवाचार की सराहना की गई। इस नवाचार से प्रत्येक शिक्षक स्कूल के प्रति अधिक सजगता और जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश 31 मार्च 2026 तक

**पवई।** लोक शिक्षण संचालनाय भोपाल के आदेश अनुसार सत्र 2026-27 में प्रवेश दिनांक 23 मार्च से 31 मार्च तक होंगे जिसमें सभी कक्षाओं में जिन कक्षाओं का परीक्षा परिणाम नहीं आया है वे अस्थाई प्रवेश लेकर एवं जिन कक्षाओं का परीक्षा परिणाम आ गया है वे स्थाई प्रवेश लेकर 1अप्रैल2026 से प्रारंभ नवीन शैक्षिक सत्र में नियमित रूप से विद्यालय अध्ययन करेंगे,प्रवेश के साथ ही छात्रों को शासन से प्राप्त समस्त सुविधाएं निःशुल्क पाठयपुस्तके, स्टूडेंटडायरी प्रदान कर छात्रवृत्ति संबंधी मैपिंग ,प्रोफाइल अपडेशन आदि की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्ट की जावेगी।तथा वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण छात्रों को पुनः परीक्षा देने द्वितीय अवसर दिया जा रहा है जिसकी समय सारिणी भी जारी कर दी गई है ।उसकी तैयारी के साथ सभी छात्रों को नए सत्र के पाठ्यक्रम का अध्यापन,बृज कोर्स, अवकाश हेतु प्रोजेक्ट वर्क,होम वर्क आदि पूर्ण करने के निर्देशो की जानकारी प्राचार्य शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उमावि पवई आर के नगायच ने बताया तथा अभिभावकों से आग्रह किया कि संस्था में अध्ययनरत कक्षा केजी से 11 वीं के सभी छात्र/ छात्राओं का 31 मार्च 2026 तक प्रवेश पूर्ण कर नियमित रूप विद्यालय में भेजे।साथ ही कैचमेंट एरिया/ 2 किलोमीटर के सभी शासकीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक से भी अपील की है कि कक्षा 5 एवं 8 वी में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित करे। अध्ययनरत छात्रों की सूची संकुल में जमा करे।


रानी दुर्गावती की कुलदेवी का अद्भुत धाम

# घने जंगल की पहाड़ियों पर विराजमान मां भद्रकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

सिंग्रामपुर से करीब 6 किलोमीटर दूर सिंगौरगढ़ किले के भैंसा घाट की पहाड़ी पर स्थित मां भद्रकाली की मढ़िया आज भी आस्था और इतिहास का अनोखा संगम बनी हुई है। घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित यह प्राचीन स्थल वीरांगना रानी दुर्गावती की कुलदेवी का धाम माना जाता है, जहां राजगोंड आदिवासी समुदाय मां को "माला दाई" के रूप में पूजता है। बताया जाता है कि 13वीं शताब्दी में निर्मित इस स्थल पर कभी पांच मढ़िया हुआ करती थीं, जिनमें शिवलिंग और हनुमानजी की प्रतिमाएं भी विराजमान थीं। समय के साथ चार मढ़िया जमींदोज हो गईं और उनके अवशेष ही शेष हैं, लेकिन मां भद्रकाली की प्रतिमा आज भी अपनी मूल मढ़िया में विराजमान है। स्थानीय जानकार बबलू मरावी के अनुसार, रानी दुर्गावती विशेष पर्व और चैत्र नवरात्रि के दौरान किले के हाथी दरवाजे से अपने सफेद हाथी 'सरवन' पर सवार होकर सीढ़ियों के





रास्ते इस मढ़िया तक पहुंचती थीं। मढ़िया के पास स्थित महादेव भरका नाला जलकुंड से जल लेकर वह मां भद्रकाली का अभिषेक करती थीं। मान्यता है कि मां की कृपा से ही रानी दुर्गावती को अदम्य साहस और शक्ति प्राप्त हुई, जिसके चलते उनके नाम मात्र से ही मुगल शासक भयभीत हो उठते थे। आज भले ही यह स्थल खंडहर में तब्दील हो चुका हो, लेकिन इसकी धार्मिक महिमा बरकरार है। मढ़िया के समीप दो शिवलिंग और एक हनुमानजी की प्रतिमा आज भी मौजूद हैं, जो इस स्थान की प्राचीनता और पवित्रता का प्रमाण देती हैं। यह क्षेत्र वर्तमान में रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है, जिससे यहां आम लोगों का आवागमन सीमित हो गया है। इस ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में सिंग्रामपुर में आयोजित कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई मंत्री और जनप्रतिनिधि यहां पहुंचकर मां भद्रकाली के दर्शन-पूजन कर चुके हैं। जंगलों के बीच बसी यह मढ़िया केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि वीरता, आस्था और इतिहास की जीवित धरोहर है, जो आज भी अपनी कहानी कहती है।

## मातन घाट व शीतला मंदिर के मायने घाट पर समाजसेवियों ने की साफ-सफाई

**हटा। उपकाशी हटा नगर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर, समाजसेवियों ने सुनार नदी तट स्थित प्रसिद्ध मां शीतला मातन घाट पर श्रमदान कर विशेष सफाई अभियान चलाया। भक्तों ने मां की आराधना के साथ घाट को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। जिससे श्रद्धालुओं को पवित्र वातावरण में पूजा-अर्चना और स्नान की सुविधा मिल सके।**



### श्रमदान से निखर मातन घाट

नगर में चैत्र नवरात्रि की धूम मची हुई है श्रद्धालुओं हटा नगर के मां चंडी देवी मंदिर, शीतला के दरबार पीतांबरा पीठ में पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है वहीं नगर के गौरीशंकर मुक्ती धाम समीति के समाजसेवियों का अनुकरणीय कदम नवरात्रि के पावन दिनों में मंदिरों में पूजा के साथ-साथ सुनार नदी के मां शीतला घाट पर सफाई अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। युवाओं और स्थानीय निवासियों ने मिलकर घाट की सीढ़ियों, नदी के किनारों से कचरा और गंदगी हटाई। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि यहां आने वाले श्रद्धालु साफ-सुथरे वातावरण में अपनी आस्था प्रकट कर सकें। इस सराहनीय कार्य की नगरवासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है, जो आस्था और सेवा का अनूठा उदाहरण है। इस श्रमदान अभियान में अशोक चंपी चौरसिया, शिवशंकर कुशवाहा, नारायण तंतुवाय, रोहाणी तंतुवाय, डॉ. वीरेंद्र मोदी, जितेंद्र राय, सौरभ तंतुवाय प्रकाश तंतुवाय, प्रशांत तंतुवाय, भरत तंतुवाय, चिंटू यक्ष, आयुष सहित अन्य समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## लिपिक संघ की बैठक संपन्न, स्वर्ण जयंती में शामिल होने का आह्वान

**दमोह।** निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 22 मार्च 2026 को म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक जे.पी.बी. स्कूल में दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से आए लिपिक कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के एजेंडा अनुसार प्रांतीय कार्यकारिणी में नियुक्त स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ लिपिक संजीव जैन (शाकाहारी) एवं नीरज सोनी का स्वागत किया गया। साथ ही दमोह जिले को प्रांत में प्रतिनिधित्व देने पर प्रांताध्यक्ष श्री मुकेश चतुर्वेदी के प्रति जिलाध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया। दूसरे चरण में आईटीआई पटेरा में पदस्थ चेतराम अहिरवार ने लिपिकों की विभिन्न वेतन विसंगतियों एवं पदोन्नति में बाधा बनने वाली नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लिपिक समाज 52 विभागों में बंटा हुआ है, ऐसे में सभी में एकता होना आवश्यक है, तभी विसंगतियों के खिलाफ प्रभावी आवाज उठाई जा सकती है। बैठक के अंत में आगामी समय में भोपाल स्थित रविंद्र भवन में माननीय मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संघ के स्वर्ण जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील जिलाध्यक्ष राजीव बड़कुल एवं उपस्थित सभी लिपिक साथियों द्वारा की गई।

## तेजगढ़ में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित

**तेजगढ़।** तेजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान - 2026 के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 – जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 (वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी) तक प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा तेजगढ़ में स्थित गणेश मंदिर माई घाट, गौरईया नदी तट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नदी तट की स्वच्छता की गई तथा जल पूजन



एवं दीप प्रज्वलन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम म.प्र. जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा के ब्लॉक समन्वयक आदरणीय दीपचंद मालवीय के मार्गदर्शन में एवं परामर्शदाता सविता विश्वकर्मा , सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश चंद जैन पंजीलाल , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तेजगढ़ के अध्यक्ष संकेत नामदेव , सचिव दर्शन नामदेव , सहसचिव प्रांजुल नामदेव, सदस्य कृष्णा माली व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम के अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना रहा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी प्रकाश चंद्र जैन , अमजद खान , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तेजगढ़ के अध्यक्ष संकेत नामदेव , सचिव दर्शन नामदेव , सहसचिव प्रांजुल नामदेव , सदस्य कृष्णा माली, आर्मी सोल्जर अमजद अली, हिना रैकवार , प्रेमलता विश्वकर्मा , विवश विश्वकर्मा , कुमकम असाटी , जय रैकवार , गौरव , साक्षी नामदेव सहित सी एम सी एल डी पी के छात्र छात्राओ ने योगदान।

## रनेह की शिक्षा साहू, महुआखेड़ा की अपर्णा पटेरिया का नवोदय विद्यालय में चयन

**रनेह।** रनेह और महुआखेड़ा के लिए गर्व का विषय है कि यहां की होनहार छात्रा शिक्षा साहू और अपर्णा पटेरिया का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। शिक्षा पिता राजेंद्र साहू की पुत्री हैं जो केंद्रीय





विद्यालय हटा में अध्ययनरत हैं, अपर्णा पिता अभिषेक पटेरिया की पुत्री हैं और प्राथमिक शाला महुआखेड़ा की छात्रा रही हैं। शिक्षा की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम माना जा रहा है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि शिक्षा पढ़ाई के साथ साथ डांस एवं अन्य एक्टिविटीज में भी एक्टिव रही है उन्होंने अपने परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की है। अपर्णा शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रही हैं और उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। अपर्णा एवं शिक्षा की इस सफलता पर विद्यालय परिवार, गुरुजनों एवं परिजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणजनों ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया है। नवोदय विद्यालय में चयन के लिए छात्रों को कठिन प्रवेश परीक्षा से गुजरना पड़ता है, जिसमें सफल होना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

## वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस पर भव्य कार्यक्रम, जनसमुदाय ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदौरा में 1857 की क्रांति की महान नायिका रानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर वीरांगना को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बड़ा मलहरा की विधायिका सुश्री राम सिंह भारती जी रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री कुसुम सिंह महदेले द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा बांदा के जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत जी, जिला कमांडर छतरपुर करण सिंह राजपूत जी, विधानसभा प्रत्याशी बांदा धीरज राजपूत जी, वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंगरौल जी, पूर्व सैनिक एवं सरपंच राम शिरोमणि लोधी जी तथा प्राचार्य रामकिशोर अहिरवार जी उपस्थित रहे।

## इम्तियाज चिश्ती को भोपाल में मिला सम्मान

**दमोह।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सामाजिक संस्था तनवी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा ब्यूटी सेमिनार एण्ड वूमेन पॉवर अवॉर्ड समारोह आयोजित किया गया था , जिंसमें प्रदेश की टॉप ब्यूटीशियन सहित सफल बिजनिस मैन और प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय



कार्य करने वाली प्रतिभाओं को अवॉर्डच से नवाजा गया। यह पुरस्कार प्रसिद्ध इंडियन टेलीविजन अभिनेत्री काँनची सिंह द्वारा दिया गया। प्रदेश की प्रतिभाओं को यह सम्मान हासिल हुआ जिंसमें दमोह से पत्रकारिता के क्षेत्र में इम्तियाज चिश्ती को प्रतिभा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह भोपाल के निजी होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फैशन डिजाइनर ,मैकअप आर्टिस्ट और समाज सेवियों सहित प्रदेश के अनेक जिलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम भोपाल की तनवी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया गया था। इम्तियाज चिश्ती को यह सम्मान हासिल होनें पर शुभचिन्तकों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# विद्युत विभाग ने की कुर्की की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह अधीक्षण अभियंता अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता एम एल साहू के निर्देशन में वितरण केंद्र जबेरा के प्रभारी महेश कुमार महतो के द्वारा पुलिस के सहयोग से राजस्व वसूली के दौरान ग्राम बनिया में तेजीलाल झारिया बकाया राशि 14180, मुन्ना लाल झारिया बकाया राशि 10430 ग्राम भजिया मे नरेन्द्र /गुलाब चौधरी बकाया राशि 12494, ग्राम धनेटा मे जितेन्द्र /रम्मू गौंड , ग्राम सुनवराह में राजकुमार /रमेश चौधरी बकाया राशि 10355 , छोटेलाल झारिया की बकाया राशि होने पर कुर्की की कार्यवाही करते हुए एक एक मोटर साइकिल जप्त की गई। राजस्व वसूली में कनिष्ठ अभियंता



महेश कुमार महतो ,आशिक खान ,द्वारका पटेल , महेंद्र यादव सोहेल खान रवि पटेल, गोविंद पटेल , सचिन रैकवार, कौशलेंद्र सिंह (हल्के), नारायण रजक एवं समस्त स्टाफ के साथ पुलिस विभाग की भी विशेष भूमिका रही।

## फाई व जल पूजन कार्यक्रम आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 (वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी) तक प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर की बड़ी खेर माई घाट, गौरईया नदी तट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नदी तट की स्वच्छता की गई तथा जल पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में नवांकुर चयनित संस्था हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन तेंदूखेड़ा के कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक दीपचंद मालवीय सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना रहा। इस कार्यक्रम में कमलेश साहू, पवन यादव, आशीष रैकवार, दीपेश कटारे, संदीप साहू, राजेश सिंह, लक्ष्मी लोधी, कंचन धुर्वे, रीना सौधिया, निधि शर्मा, नीलेश पोर्ते, कुनाल राय, रामगोपाल साहू, रोहित केवट सहित सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओ ने योगदान दिया।

# सह-योगशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में पतंजलि योग समिति तहसील पटेरा के तत्वाधान में 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर देवभूमि पब्लिक स्कूल दमोह रोड पटेरा में दिनांक 22 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित हुआ जिसका समापन आज 22 मार्च को किया गया हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के पतंजलि योगपीठ के आजीवन सदस्य एवं दान संग्रह प्रभारी डॉक्टर केदारनाथ शर्मा, विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति के फाउंडर मेंबर एवं टीशु कल्चर लैब के संचालक अभय सचदेवा , जिला योग समिति अध्यक्ष योगी दीपक राजपूत, पतंजलि योग समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार परोहा , जिला संस्कृत प्रभारी अतुल सिंघई, आजीवन सदस्य एवं किसान सेवा समिति जिला प्रभारी सुरेश रैकवार जी पतंजलि योग समिति उपाध्यक्ष गंगाराम पटेल , भारत सनविधान के जिला प्रभारी राम जी सोनी,हटा तहसील प्रभारी श्री सुरेश सोनी बालाराम जी



अहिरवाल,योग प्रभारी अशोक पाठक देवडोंगरा मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की आरती एवं दीप प्रज्वलन से हुआ तत्पश्चात योगाचार्य कृष्ण कुमार परोहा पतंजलि योग समिति दमोह के निर्देशन में योगिक जागिग, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी उदगीथ एवं प्रणव का ध्यान के साथ आसनों का अभ्यास कराया गया सूर्य नमस्कार योग क्रियाएं और योग का दैनिक जीवन में कितना उपयोग है। बताया प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 8:00 तक योग शिविर में शामिल महिला एवं पुरुष योग साधकों को अलग अलग रोगो के अलग अलग आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम और रोगों को दूर करने के लिए योग क्रियाएं बतलाई । पटेरा योग शिविर में 50 युवाओं ने सह- योगशिक्षक बनने हेतु प्रशिक्षण भी प्राप्त किया उन्हें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रमाण पत्र दिया गया श्री परोहा जी के द्वारा पतंजलि योगपीठ में युवाओं के लिए जो 18 से 35 वर्ष के दसवीं उत्तीर्ण है। उनके लिए योग एवं थैरेपिस्ट बनने एवं रोजगार का अवसर प्राप्त करने के लिए बताया जिसमें युवाओं को प्रतिमाह मासिक वृत्ती के साथ रहने खाने की पूरी व्यवस्था पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में रहेगी देवभूमि पब्लिक स्कूल में मुख्य वशिष्ठ अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण के साथ स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

पतंजलि परिवार पटेरा के प्रमुख योग साधक शंकर लाल तंतुवाय, बलराम पटेल, तीरथ पटेल महूना,निरन सिंह,चंद्रीका सोनी, अजय राय, डॉ ढोलक विश्वास,संजय पालीवाल, राजेंद्र दुबे,अवध किशोर सोनी, दिनेश खरे शिक्षक कुंडलपुर, मुकेश नेमा, अभिषेक राठौर, बृजेश चौरसिया, खिलान सिंह राजपूत, लखन नामदेव शिक्षक एवं मुलाम राय पटेरिया, महिला योग साधकों में ज्योति उपाध्याय, डॉ रिया द्विवेदी,श्रीमती सविता पांडे, पलक मिश्रा, गरिमा नामदेव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा योगाचार्य राजेश नेमा ,राज ताम्रकार (शिक्षक) लक्ष्मण विश्वकर्मा (शिक्षक) एवं शिविर में प्रतिदिन उपस्थिति योग साधकों ने तैयार की।

## 28 एवं 29 मार्च को होगा भाजपा दीनदयाल नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियां से संबंधित दीनदयाल नगर मंडल भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के निवास पर आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने बताया कि 28 एवं 29 मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन स्थानीय पवित्र बंधन मैरिज गार्डन में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अनुभवी वक्ता विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली एवं जनसेवा से जुड़े विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, मंडल महामंत्री अरूण सोनी महेंद्र अहिरवार, मंडल उपाध्यक्ष आशीष राय, देवल कटारिया, मंडल मंत्री राहुल पाठक, मंडल कोषाध्यक्ष हरिशंकर पाठक, सह कोषाध्यक्ष सुनील राज, सह मीडिया प्रभारी अशोक कंचन आदि पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खुशी दिवस पर शिक्षकों को मिला गिजुभाई सम्मान



**तेजगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के अवसर पर प्रदेश की राजधानी भोपाल में आत्म निर्भर शिक्षक संदर्भ समूह के द्वारा मेरा विद्यालय मेरी पहचान के तहत महान शिक्षा विद गिजुभाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राजधानी के दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं राज्य शिक्षा केंद्र के प्रभारी सुबोध सक्सेना की अध्यक्षता में प्रदेश के लगभग 150 शिक्षकों का शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। आत्म निर्भर संदर्भ समूह के संस्थापक सदस्य डॉ दामोदर जैन एवं समन्वयक उमा उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे शिक्षक जागरण पुस्तिका का विमोचन और शिक्षक संसद का भी आयोजन किया गया। शिक्षक संसद मे हमारे विद्यालय को आनंद घर कैसे बनाया जा सकता है, पक्ष और विपक्ष में शिक्षकों के द्वारा विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर विकासखंड तेंदुखेड़ा से शिक्षक महेंद्र दीक्षित करोंदी पड़रिया ,मनोहर सिंह ठाकुर देवरी लीलाधर ,परम लाल अहिरवार हर्रई, श्रीमती रेवती ठाकुर कोट खमरिया को भी प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं शिक्षक जागरण पत्रिका प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## तीन सवारी क्षमता वाले ऑटो में ढो रहे आधा दर्जन से ज्यादा सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तीन पहिया ऑटो रिक्शा में नियमानुसार सवारियां बैठाने की क्षमता तीन सवारी की है ये ऑटो रिक्शा ग्रामीण क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा सवारियां बैठाकर गांवों में सरपट दौड़ लगा रहे हैं यह ऑटो जंगल व पहाड़ी गांवों में अपना खतरनाक सफर जारी रखे हुए हैं नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाए ऑटो आवाजाही करते हुए कभी भी दिखाई दे जाते हैं, कई ऑटो तो ऐसे हैं जिनकी नंबर प्लेट ही गायब है तेंदूखेड़ा नगर सहित जबलपुर पाटन मार्ग, तारादेही मार्ग, दमोह मार्ग, खकरिया मार्ग, जामुनखेड़ा मार्ग सहित कई गांवों में क्षमता से अधिक सवारियां ठूंस-ठूंस कर बैठाए हुए ऑटो तेज गति से आते जाते हुए दिखाई दे जाते हैं तेंदूखेड़ा ब्लॉक में एक दो नहीं बल्कि दर्जनों ऑटों रिक्शा ऐसे दिखे जिनमें बड़ी संख्या में सवारियां बैठी थी। गौर करने वाली बात ये है कि ऑटो पुलिस की नजरों के सामने से भी गुजरते हुए नजर आए हैं किसी ने रोकना टोकना जरूरी भी नहीं समझा। तेंदूखेड़ा ब्लॉक में ऑटो ही नहीं बल्कि मालवाहक वाहन, कृषि वाहन सहित अन्य व्यवसायिक उपयोग में आने वाले वाहनों के चालकों द्वारा भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आरटीओ से व्यवसायिक उपयोग के लिए परमिट लेकर मालवाहक वाहन, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से भी सवारियां ढोने का काम किया जा रहा है। ये नजारे नगर में हर दिन देखने को मिल जाएंगे। पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं, पर जिम्मेदारों की कार्रवाई सिर्फ दिखावा साबित हुई।







### ट्रॉली- पिकअप में भरी बोरियों पर बैठकर सफर

नगर मुख्यालय में सामाग्री व अनाज के परिवहन के दौरान भी लोग खतरों से खेलते हुए नजर आते है। लोग, कभी ट्रॉली व पिकअप में भरी बोरियों के ऊपर बैठकर सफर करते दिखते हैं तो कभी ढाला पर लटककर यात्रा करते हुए दिखाई देते हैं। इन परिस्थितियों में संभावित हादसों को रोकने के लिए प्रशासन, पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा अब तक कोई कदम नहीं उठाए गए है ब्लॉक में तो ऐसे नजारे रोज देख सकते हैं। गौर करने वाली बात ये हैं कि पुलिस द्वारा नियमित वाहनों की चेकिंग अभियान भी नहीं चलाया जाता है। हां इतना जरूर है कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन करने के लिए कभी-कभार कार्रवाई कर ली जाती है।

### जांच के लिए नहीं है ब्रीथ एनालाइजर

वहीं दूसरी ओर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे ओवरलोडिंग वाहनों की पुलिस द्वारा भी जांच नहीं की जाती है। कहीं चालक नशे की हालत में है या नहीं उसे छोटे वाहन से लेकर बड़े वाहन चलाने का अनुभव नहीं, योग्यता है कि नहीं, कुछ भी नहीं देखा जाता है। ब्रीथ एनालाइजर मशीन का भी कहीं पर उपयोग नहीं किया जाता है। शराब गांजा के नशे में वाहन चालक अंधाधुंध भाग रहे हैं, लेकिन जांच व कार्रवाई कहीं पर होती नहीं दिख रही है, सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर चेकिंग अभियान के तहत बाइक सवारों के बिना हेलमेट चैंकिंग कर चालान काटे जा रहे हैं और बड़े वाहनों पर कोई नजर नहीं है। जबकि बड़े-बड़े वाहनों के चालक मार्ग से गुजर रहे राहगीर, बाइक सवार, ऑटो आदि को रौदकर निकल जाते हैं। गौर करने वाली बात ये है कि जिम्मेदार इन्हें रोकने कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। पुलिस और परिवहन विभाग नगर प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के महासचिव हरीश चौधरी का आगमन आज

**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव, साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव का दिनांक 23 मार्च 2026 को दमोह आगमन हो रहा है वह स्थानीय मानस भवन में दोपहर 12 बजें विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उक्ताशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले की चारों विधानसभाओं को कांग्रेसजनों के आह्वान किया है कि वह प्रत्येक विधानसभा के कांग्रेसजनों के साथ पंचायत/वार्ड कमेटी के गठन की समीक्षा संगठनात्मक चर्चा एवं संवाद करेगे।

### अध्यापक संघ की बैठक का आयोजन

**दमोह।** जिले के स्थानीय नेहरू पार्क में अटल संविदा सह अध्यापक कल्याण संघ जिला शाखा दमोह की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा निकलकर आर्थी मांगों के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप नवनियुक्त संविदा शिक्षकों की वेतन वृद्धि, डी. एल. एड. कराना, प्रथम एवं द्वितीय गुरुजी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अनुदेशक पर्यवेक्षक गुरुजियों की क्रमोन्नति 17/09/2008 एवं 20/10/2011 से वरिष्ठता मानते हुए संशोधित क्रमोन्नति आदेश कराना, ज्ण्ज परीक्षा का विरोध करने का संकल्प उपस्थितों द्वारा लिया गया। इसके पश्चात संघ के अध्यक्ष रामविहारी विश्वकर्मा ने बताया कि सभी अध्यापकों को दिनाक 30ध्03 2026 को डॉ. राम मनोहर लोहिया हाईस्कूल गोविन्दपुरा भोपाल में प्रदेश कार्यकारिणी के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी संघ सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस अवसर पर सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया।

### आज नगर में निकलेगी मां चंडी माता की विशाल रथ यात्रा चुनरी अर्पण

**हटा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में पहली बार जगत की पालनहार जननी माँ चण्डी का आज पंचमी पर नगर में भव्य रथ यात्रा निकाली जा रही है जिसमें आवश्यक समिति द्वारा श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई है। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि मां जगत जननी की नगर में भ्रमण रथ यात्रा मां चंडी जी मंदिर से दोपहर 2:30 बजे से प्रारम्भ होकर रतन बजरिया से होकर नगर के मुख्य मार्गो से निकलेगी जिसकी तैयारियां कर ली गई हैं माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए मां के भक्त बड़े ही आतुर दिखाई दे रहे हैं नगर में मार्गों को मां की अगवानी के लिए सुंदर व भव्य सजाया जा रहा है। मां की रथयात्रा रथ यात्रा को सफल बनाने व कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई।

## विधायक ने इमलाई में सामुदायिक भवन व चबूतरा निर्माण का किया भूमिपूजन



**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने ग्राम पंचायत इमलाई में विकास कार्यों को गति देते हुए सामुदायिक भवन (लागत 15 लाख रुपये) एवं सार्वजनिक चबूतरा (लागत 1 लाख रुपये) निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में रमन खत्री, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र तोमर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक श्री मलैया ने ग्राम बांसा तारखेड़ा पहुंचकर नवनिर्मित स्टॉपडेम का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## उत्कृष्ट कार्य और कानूनी जागरूकता में विशेष योगदान पर हुई सम्मानित



**दमोह।** श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर क्षेत्र की बेटी हाई.एडवोकेट प्रतिमा पिता सतीश गुप्ता को उत्कृष्ट कार्य और जागरूकता में विशेष काम करने पर न्यायमूर्ति ने सम्मानित किया है.बता दे कि अधिवक्ता सम्मान पत्र हिंदी में कानूनी पेशेवरों के समर्पण, ईमानदारी और न्याय के प्रति उनकी सेवा को मान्यता देने के लिए एक औपचारिक पत्र है. यह आमतौर पर उनके उत्कृष्ट काम, बार एसोसिएशन में योगदान या समाज में कानूनी जागरूकता के लिए मिला है,जो न्यायपालिका की रीढ़ माने जाते हैं. सम्मान मिलने पर एड. प्रतिमा गुप्ता ने बताया कि न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिश्वर सिंह (जन्म 1 मार्च 1963) भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं और मणिपुर से इस सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति हैं.उन्होंने 18 जुलाई 2024 को शपथ ली, इससे पहले वे जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं. जिन्होंने मुझे मंच से सम्मानित किया, मैं सभी का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

## 40 पेटी अवैध देशी शराब मय फोरव्हीलर जब्त



**दमोह।** मार्च क्लोजिंग के साथ शराब के नए ठेको की दस्तक के पहले अवैध शराब संग्रहण परिवहन का कारोबार जोर पकड़े हुए है। यहां तक की एक जिले से दूसरे जिले में शराब को संग्रहित करने के लिए लग्जरी गाड़ियों से शराब तस्करी करने से संबंधित नहीं चूक रहे है। इसी कड़ी में दमोह कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक लग्जरी गाड़ी से 40 पेटी अवैध शराब पकड़ने के साथ सागर जिले के आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की है। वहीं पटेरा शराब दुकान के गद्दीदार व ठेकेदार के विरूद्ध भी प्रकरण दर्ज का जांच में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पटेरा शराब दुकान से 40 पेटी शराब सफेद रंग की टीयूव्ही वाहन क्र MP-07-CE-5990 से अवैध रूप से परिवहन करके अन्यत्र भेजी जा रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए उक्त गाड़ी की कटनी जबलपुर बायपास ठाकुर बाबा मंदिर के पास जांच किए जाने पर 40 पेटी अवैध देशी शराब पाई गई। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में दमोह कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 22.03.2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दमोह से आरोपी 1. गिरधारी पिता प्रेमनारायण कुर्मी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कुड़ई चौकी बलेह थाना रहली जिला सागर, चंद्रभान उर्फ चंदू पिता राजू विश्वकर्मा उम्र 30 साल निवासी आजाद वार्ड गढ़ाकोटा थाना गढाकोटा जिला सागर से 2000 पाव, कुल 360 लीटर अवैध देशी शराब एवं सफेद रंग की टीयूव्ही वाहन क्र MP07CE5990 कुल मसरूका कीमती 5 लाख 40 हजार रु का जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियो के मेमोरेण्डम कथनो के आधार पर पटेरा की शासकीय मदिरा दुकान के गद्दीदार - जितेन्द्र सिंह राजपूत एवं गोविंद भायल को प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। उक्त चारो आरोपियो के विरूद्ध कोतवाली में अप.क्र. 288/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी निरी मनीष कुमार, उनि. नीतेश जैन, प्र.आर. अभिषेक चौबे, प्र. आर. महेश यादव आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया, आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा, आरक्षक आकाश पाठक, आरक्षक नवीन ठाकुर, आरक्षक आयुष मिश्रा का सहयोग रहा।

## सियार ने पांच लोगों पर किया हमला

### स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी, झलौन वन परिक्षेत्र के धनेटा गांव का मामला गर्मियों में गांव पहुंचे रहे वन्य प्राणी ग्रामीणों में दहशत व्याप्त घायलों को दी जाएगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

**तेंदूखेड़ा।** इस भीषण गर्मी के दौर में जंगल में प्राकृतिक जल स्रोत सूखने से वन्य प्राणी भोजन पानी की तलाश में जंगलों से निकलकर गांवों की और रुख करने लगे हैं ये जानवर गांव में पहुंचकर ग्रामीणों पर हमला कर घायल कर रहे हैं बीते दिन 10 मार्च को टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के सोमखेड़ा गांव में सियार ने घर घुसकर दो लोगों पर हमला कर दिया था अब झलौन रेंज के धनेटा गांव में एक सियार ने पांच लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है लगातार जंगली जानवरों के हमला करने की घटनाएं सामने आने के बाद से अब ग्रामीण दहशत में हैं रविवार की दोपहर 2 बजे धनेटा गांव में एक जंगली सियार अचानक पहुंच गया और उसने एक दो बच्चों पांच लोगों पर हमला कर दिया जिसमें वे घायल हो गए सितार के हमले की सूचना झलौन वन विभाग को दी गई जब तक वन अमला मौके पर पहुंचता कि उससे पहले ही सियार भागकर जंगल की और चला गया सियार के हमले के बाद घायल इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा पहुंचते जहां पर उन्होंने पूरी घटना बताई ग्रामीणों ने सियार के हमले की शिकायत दर्ज कराई है वहीं लोगों ने बताया कि इन दिनों टाइगर रिजर्व के जंगली जानवर रिजर्व से निकलकर आसपास के ग्रामों में पहुंच रहे हैं धनेटा गांव भी टाइगर रिजर्व की सीमा से सटा हुआ है।

### सियार के हमले में ये हुए घायल

शिक्षक कैलाश मरकाम ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 2 बजे एक सियार अचानक गांव में घुस आया और उसने हमला कर दिया जिसमें दो बच्चों सहित पांच लोग घायल हुए हैं बाद में ग्रामीणों के एकत्र होने के बाद सियार जंगल की और भाग गया उक्त सियार पागल लग रहा था हमले में सुनील पिता बिहारी कर्मी पटेल उम्र 28 निवासी ससना आवेद पिता वाहेद खान उम्र 30 वर्ष निवासी धनेटा गनेश पिता राजकुमार पटेल उम्र 13 वर्ष निवासी धनेटा जवाहर सींग मरावी उम्र 69 वर्ष निवासी धनेटा धनराज पिता कैलाश मरकाम उम्र 9 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा है सियार के हमले में इन सभी पांचों लोगों को गंभीर चोटे आई है घायल धनराज ने बताया कि वह अपने मामा के घर धनेटा गया था और आंगन में अचानक से लड़इया (सियार) आ गया और हमला कर दिया बचाने के दौरान सियार ने आंगन में मौजूद सभी लोगों पर हमला कर दिया घायलों ने बताया कि बचाव किया जिसमें जंगली जानवर ने उनके हाथ पैर कमर सहित कई जगह कांट लिया है आवाज सुनकर अन्य लोग पहुंचे तो सियार जंगल की और भाग निकला है।

### सहायता राशि दी जाएगी

झलौन रेंजर सतीश मसीहा ने बताया कि धनेटा गांव में सियार के हमले की सूचना मिली थी मौके पर वन अमला गया था लेकिन तब तक सियार भाग चुका था घायलों का आवेदन आते ही उपचार में जो नियम अनुसार सहायता दी जाती है वह घायलों को दी जाएगी।

## निषादराज जयंती पर आज निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**दमोह।** निषादराज जयंती पर रैकवार,केवट, बर्मन, धुरिया, कहार, कश्यप, निषाद, बाथम, भोई, मल्लाह, माझी समाज के द्वारा दमोह जिले में नवरात्रि की पंचमी पर 23 मार्च को माझी समाज के आराध्य देव निषादराज महाराज की जयंती पर 23 मार्च 2026 को शाम 04 बजे महाराणा प्रताप स्कूल मैदान सिविल वार्ड नंबर 01 से निषादराज महाराज के चित्र के समक्ष पूजन कर विशाल शोभायात्रा दमोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। जो पुराना थाना, मोहन टाकीज़, बहराम टॉकीज, बकौली तिराहा, घंटाघर चौक, एवरेस्ट लॉज,राय तिराहा, स्टेशन चौराहा,बस स्टैंड चौराहा, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर चौराहा, भाजपा कार्यालय कीर्ति स्तंभ से, शिवाजी चौक डाक्टर हाउस के सामने से शिव शिशु विधालय से महाराणा प्रताप स्कूल मैदान पर पहुंचेगी जहां पर मंचीय कार्यक्रम के साथ निषादराज महाराज का पूजन कर विशाल शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। जिला रैकवार, केवट, बर्मन,धुरिया, कश्यप, कहार, निषाद, भोई, मल्लाह, बाथम, माझी समाज के स्वजातीय बंधुओं से विशाल शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर विशाल शोभायात्रा को सफल बनाकर अपनी सामाजिक एकता का परिचय दें।



### विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया

**दमोह।** 21 मार्च 2026 को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के उपलक्ष पर निशक्त व्यक्ति अभिभावक संघ जबलपुर द्वारा संचालित प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र सिविल वार्ड नंबर 2 वैष्णो मंदिर के पास, सब्जी मंडी के सामने, जगदीश टॉकीज रोड, दमोह, मध्य प्रदेश में थीम (अकेले पन के खिलाप एक जुट होकर) पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सपना पाण्डेय शासकीय शिक्षिका दमोह, विशिष्ट अतिथि अभय कुमार दुबे अध्यक्ष निशक्त व्यक्ति अभिभावक संघ जबलपुर रहे ।कार्यक्रम में उपस्थित शिखा खरे विशेष शिक्षिका,बलराम शर्मा ऑफिस सहायक, चंदा विश्वकर्मा सहायक फिजियोथैरेपिस्ट एवं उषा नामदेव केयर गिवर, दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक जन उपस्थित रहे।। उपस्थित सभी अभिभावक जानकारी प्राप्त कर अपने आस पास एवं रिलेटिव को जानकारी देने का प्रण लिया एवं उपस्थित सभी दिव्यांग बच्चो को चाकलेट, बिस्कूट मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया गया एवं अभार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## घने जंगलों के बीच बसा चुनोटिया माता का धाम

### 20 सालों से जल भी अखंड ज्योति चैत्र नवरात्र में दो दिवसीय लगता है भक्तों का मेला मंदिर के पास सुंदर सरोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में चैत्र नवरात्र का पर्व अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में भोर से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है और देर रात तक भजन-कीर्तन, देवी जस गीत तथा जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहता है। बुंदेलखंड अपनी समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है, जहां अनेक प्राचीन मंदिर और देवी-देवताओं के स्थल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख स्थल तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के हर्रई सिंगौरगढ़ क्षेत्र के घने जंगलों में स्थित माता चुनोटिया का प्राचीन मंदिर है, जो वर्षों से भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।



माता चुनोटिया के मंदिर की प्राचीनता का कोई स्पष्ट ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, किंतु स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यह स्थल अत्यंत प्राचीन है। प्रारंभ में माता का स्वरूप एक वृक्ष के नीचे प्राकृतिक रूप में विराजमान था, बाद में ग्रामीणों द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया। विशेष बात यह है कि मंदिर परिसर में स्थित दो प्राचीन वृक्ष आज भी सुरक्षित रखे गए हैं, जिन्हें श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। यह मंदिर घने वन क्षेत्र में स्थित बंकागढ़ धाम का हिस्सा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी देखने को मिलता है। मंदिर परिसर के आसपास सरोवर, प्राचीन गुफाएं और शैलचित्र इस क्षेत्र की प्राचीनता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। यहां लगभग 20 वर्षों से अखंड ज्योति प्रज्वलित हो रही है, जो इस स्थान की धार्मिक महत्ता को और अधिक बढ़ाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की वस्तु या पशु (जैसे गाय-भैंस) खो जाए तो वह भिरा और बेल के पेड़ पर मनौती मांगता है, जिससे उसकी समस्या का समाधान हो जाता है। यह विश्वास आज भी लोगों के बीच जीवित है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते हैं। चैत्र नवरात्र के अवसर पर यहां विशेष आयोजन होते हैं, जिनमें जवारे बोना प्रमुख है। नवमी के दिन इन जवारों का विसर्जन गुरैया नदी में किया जाता है और इस दौरान दो दिवसीय मेले का आयोजन भी होता है, जिसमें आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। मंदिर की सेवा और देखरेख पिछले 25 वर्षों से बाबा कोमल शाह द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, विशेषकर वर्षा ऋतु में, जब रास्ते खराब हो जाते हैं और नदी-नाले पार करना मुश्किल हो जाता है। मंदिर मुख्य मार्ग से लगभग 5 किलोमीटर दूर जंगल के अंदर स्थित है, जिससे आवागमन की समस्या बनी रहती है। अतः यह आवश्यक है कि शासन-प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा हो सके और इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल का और अधिक विकास हो सके।

## ट्रक की टक्कर से एक्टिवा सवार भाई-बहन घायल




**सिंग्रामपुर।** शनिवार रात करीब 9 बजे सिंग्रामपुर में तेज रफ्तार मिनी आयशर ट्रक ने एक्टिवा सवार भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रिंस राय (पिता राजकुमार राय) के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनकी छोटी बहन को मामूली चोट लगी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत निजी वाहन से जबलपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बहन दूर जा गिरी, हालांकि उसे गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने टीम के साथ ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भाग निकला। इसके बाद जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने बायपास पर नाकाबंदी कर ट्रक का पीछा किया। संयुक्त कार्रवाई में आरक्षक विवेक कटारे और अनमोल दीक्षित की मदद से पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। चालक सहित वाहन को जब्त कर जबेरा थाने लाया गया है, जहां आगे की कार्रवाई जारी है।